ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 26-11-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-11-26 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-11-27	2021-11-28	2021-11-29	2021-11-30	2021-12-01
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	14.0	13.0	14.0	15.0	16.0
न्यूनतम तापमान(से.)	3.0	4.0	5.0	6.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	50	45	40	35
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	60	55	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	310	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	1	1	1	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 13.0 से 16.0 व 3.0 से 6.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 1 से 7 दिसम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| पशुओं को सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा। फसलों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें। रबी फसलों का विभिन्न रोगो से बचाव हेतु, बुवाई से पूर्व बीज को उपचारित अवश्य करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	पीली सरसो की फसल एक माह की होने पर हल्की सिंचाई करें।
गेहूँ	गेहूँ में पहली सिंचाई बुवाई के 20-25 दिन बाद मुख्य जड़ बनते समय (Crown Root Initiation) करनी चाहिए| इस समय गेहूं को सिंचाई की अति आवश्यकता होती है| सिंचाई पश्चात यूरिया की शेष आधी मात्रा (मुख्य जड़ बनते समय) देनी चाहिए। गेहूँ की विलम्ब दशा में बुवाई माह के द्वितीय पक्ष में कर सकते है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	भावर क्षेत्र में, रोपाई हेतु प्याज की 7-8 सप्ताह पुरानी पौध का प्रयोग करें।
गोभी	बंदगोभी जैसी बीजू फसलों में निराई-गुड़ाई कर आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	भैसों का मदकाल अक्टूबर-नवम्बर तक होता है, इसलिए इन महीनो में मादा भैंसों में मदकाल के लक्षणों का सुबह- शाम निरीक्षण करें, ताकि गर्भाधान की प्रक्रिया समय से सम्पन्न करायी जा सके। इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुद्दढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें।
गाय	इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुद्दढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	ठंड से बचाव हेतु फर्श पर पुआल , चूरा या लकड़ी की छीलन की एक मोटी (3-6") परत बिछा दें| ठंड के बचाव हेतु बुखारी/ब्रूडर स्थापित किया जाना चाहिए।